झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/08 /20 – 48 रॉंची/दिनांक:25/07/2020

पारा–मेडिकल प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (Para – Medical Entrance Competitive Examination) – 2020 हेतु आवेदन पत्र भरने से संबंधित सांकेतिक सूचना

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, राँची द्वारा राज्य के सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थानों के पारा–मेडिकल, फार्मेसी, ड्रेसर, मेडिकल लैब अटेंडेन्ट एवं रेडियोग्राफर अटेंडेन्ट पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक वर्ष 2020–21 में नामांकन के लिए प्राप्त सहमति के आलोक में पर्षद द्वारा उपयुक्त आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे विहित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2. न्यूनतम **शैक्षणिक योग्यता** :–

(क) फार्मेसी पाठ्यक्रम में तीन वर्षीय डिप्लोमा एवं पारा–मेडिकल पाठ्यक्रम में दो वर्षीय डिप्लोमा :–
इन्टरमीडिएट विज्ञान/10+2 (विज्ञान)/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

(ख) ड्रेसर/मेडिकल लैब अटेंडेन्ट/रेडियोग्राफर अटेंडेन्ट पाठ्यक्रम में एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स :–
मैट्रिक/माध्यमिक/10वीं/समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

3. **आयु–सीमा** :– फार्मेसी पाठ्यक्रम में डिप्लोमा के लिए आवेदक को परीक्षा वर्ष के 31 दिसम्बर को न्यूनतम आयु 17 वर्ष होना आवश्यक है। शेष अन्य पाठ्यक्रमों के लिए कोई न्यूनतम एवं अधिकतम आयु–सीमा नहीं है।

4. **महत्वपूर्ण तिथियाँ** :–

क्र0सं0	विवरण	तिथि	अभियुक्ति
1.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की शुरूआत	28/07/2020	
2.	ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की समाप्ति	28/08/2020	
3.	प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन	सितम्बर/अक्टूबर माह, 2020 में	

5. **आवेदन–सह–परीक्षा शुल्क** :–

क्र0सं0	कोटि/कोटा	राशि	अभियुक्ति
1.	सामान्य (General) आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग (EWS)/पिछड़ी जाति–I (BC-I)/ पिछड़ी जाति–II (BC-II)	900.00	दिव्यांग आवेदकों को आवेदन–सह–परीक्षा शुल्क देय नहीं है।
2.	अनुसूचित जाति (SC)/ अनुसूचित जनजाति (ST)/सभी कोटियों की महिलायें (Female of all Categories)	450.00	

6. यह केवल सांकेतिक सूचना है। परीक्षा के संबंध में विस्तृत महत्वपूर्ण सूचना यथा–आवासीय अर्हता, आयु–सीमा अर्हता, दिव्यांगों हेतु आरक्षण, मेधा–सूची के निर्माण इत्यादि हेतु विज्ञापन

संख्या–जे0सी0ई0सी0ई0बी0/08/20– 47 दिनांक 24/07/2020 अवश्य देखें जो पर्षद के वेबसाईट http:jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Downloads" कॉलम में जारी कर दिया गया है।

7. संशय/दुविधा की स्थिति में पर्षद कार्यालय के दूरभाष संख्या–9264473891 या 9264473893 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

24/07/2020

रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.
उप परीक्षा नियंत्रक